www.bvfa.ca

# BOW VALLEY FOOD ALLIANCE

**(बो वैली फूड एलायंस)**

## हम कौन हैं

Bow Valley Food Alliance (BVFA - बो वैली फूड एलायंस) उन जोश से भरपूर नागरिकों और पेशेवर व्यक्तियों का एक क्षेत्रीय संगठन है जो खाद्य संप्रभुता को संबोधित करने के लिए समर्पित है। BVFA महाद्वीपीय विभाजन से Bow River गलियारे के तलहटी क्षेत्र तक (जिसमें Lake Louise, ID9, Banff, Canmore, Exshaw, Bighorn की ज़िला नगरपालिका से लेकर Morley तक तथा Stoney Nakoda Nations शामिल हैं) समन्वित तरीके से सस्ता, स्वस्थ और ताजा भोजन पहुंचाने से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है।

Banff नगरपालिका द्वारा समर्थन से, 2013 में इस (BVFA) पर चर्चा शुरू हुई। फिर 2016 में एक अधिक औपचारिक कार्य योजना समूह ने आकार लिया। 2020 तक, BVFA इस अनूठी घाटी और समुदायों की विविध आवश्यकताओं की बेहतर सेवा करने के लिए एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी संस्था बन गई।

BVFA छोटे और बढ़ रहे स्थानीय खाद्य उत्पादकों, पशु पालकों और खाद्य प्रसंस्कारकों का समर्थन करता है। BVFA खाद्य प्रणाली के सभी स्तरों पर समान, सतत प्रथाओं को प्रोत्साहित करता है। ऐसा करने पर, हम भोजन के लिए समुदाय के संयोजन को मजबूत करेंगे और एक संपन्न, स्वस्थ, पर्यावरण सहयोगी और सामाजिक रूप से कार्यरत समुदाय प्राप्त करेंगे।

## हमारा लक्ष्य

हम ऐसी स्थानीय खाद्य प्रणालियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो स्वास्थ्यप्रद, सामाजिक-न्यायोचित, सहयोगी, विविध और सुलभ हैं। ये खाद्य प्रणालियाँ जीवंत और उत्साहपूर्ण क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं, पृथ्वी और पर्यावरण के प्रति आदर-भावना, आपसी सामंजस्य, अंतर-पीढ़ीगत ज्ञान, प्रणाली नवीनीकरण और शिक्षा पर आधारित हैं।

**<u>हम क्या करते हैं</u>**

1. **लोगों को जोड़ना** – इसमें बातचीत को सुविधाजनक बनाना और मजबूत करना, समुदाय की जरूरतों और विषमताओं की पहचान करना और उनसे निपटने के लिए उत्तरदायी और प्रासंगिक उपक्रम करना; लोगों को एक साथ लाना, जो कुछ मौजूद है उसी से शुरू करना शामिल है।

2. **समन्वित प्रयास** - इसमें हमारे संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना, साझे वित्तपोषण और स्वयंसेवी अवसरों तक पहुँच बनाना शामिल है।

3. **परिवर्तन की हिमायत करना** - इसमें नीतियों को बदलने और यथास्थिति को चुनौती देने के लिए एक स्वर से बोलना अर्थात् यह विश्वास कि Bow Valley में सस्ते, स्वस्थ भोजन तक पहुंच हमेशा परिसीमित रहेगी।

4**. शिक्षित करना** - इसमें सामुदायिक खाद्य सुरक्षा में सामग्री विशेषज्ञों के रूप में कार्य करके व्यापक समुदाय में जागरूकता और ज्ञान बढ़ाना शामिल है।

5. **प्रेरणादायक सक्रियता** - इसमें उदाहरण के लिए अग्रणी, विकास की गतिशीलता को बढ़ाना और सामुदायिक नेतृत्व-कर्ताओं को सशक्त बनाना, एक प्रतिकृति तंत्र बनाना शामिल है।

**BOW VALLEY FOOD SUPPORTS**
**बो वैली खाद्य संसाधन**

Bow Valley Food Alliance संगठनों और लोगों के एक अद्भुत नेटवर्क के साथ काम करता है जो घाटी में खाद्य सहायता सेवाएं प्रदान करते हैं। ये संसाधन Bow Valley के सभी समुदायों के सदस्यों के लिए हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चाहे आपकी परिस्थिति जैसी भी हो, सभी का ध्यान रखा जाए। हम इस बात को समझते हैं कि इन भोजन संसाधनों तक पहुँचने में आपको असहजता महसूस हो सकती है, लेकिन हमारी आशा है कि हम इस अवधारणा को कलंकित होने से बचा सकते हैं क्योंकि हम सभी घाटी में ताज़े, स्वस्थ और सस्ते भोजन को प्राप्त करने के योग्य हैं!

यदि आपको तात्कालिक सहायता की आवश्यकता है तो आप निम्नलिखित से संपर्क कर सकते हैं:

- Canmore: किसी आपातकालीन खाद्य संसाधन टोकरी प्राप्त करने के लिए fcssadmin@canmore.ca या 403-609-3743 पर संपर्क करें।
- Banff संसाधन: इसके लिए help@banff.ca या 403-762-1251 पर संपर्क करें।
- Lake Louise: इन्हें info@improvementdistrict9.ca पर संपर्क करें।
- Bighorn की ज़िला नगरपालिका के आधिकारिक क्षेत्र: इन्हें 403-673-3611 पर संपर्क करें।

समुदायिक और सामाजिक संसाधन हेतु जानकारी प्राप्त करने के लिए 211 पर संपर्क करने की सुविधा 24/7 उपलब्ध है।

**Banff Food Bank**
यह Banff Park Church (455 Cougar Street) में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक मंगलवार के दिन आपातकालीन खाद्य संसाधन टोकरियां (फूड हैम्पर्स) प्रदान करता है। COVID-19 के कारण, नई नीति ग्राहकों को हर महीने के बजाय हर हफ्ते हैम्पर्स का उपयोग करने की अनुमति देती है।

**Banff Food Rescue**
खाने को बर्बाद होने से बचाकर खाने को अच्छा रखते हैं। यह 215 Banff Avenue (Lower level-Sundance Mall) में स्थित है। यह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को शाम 6 बजे से 7 बजे तक खुला रहता है। यहाँ से व्यक्ति फलों और सब्जियों के पूर्व-निर्मित थैले लेकर जा सकते हैं। सुझाई गई दान राशि $ 5.00 है।

राशि को इंटरनैट के द्वारा (ई-ट्रांसफर) banff.food.rescue@gmail.com पर स्वीकार किया जा रहा है। इनका फेसबुक पेज Banff Food Rescue है। वेबसाइट का लिंक http://signup.com/go/47XmSw है। www.banfffoodrescue.ca वेबसाइट लिंक का उपयोग करके स्वयंसेवी अवसरों का लाभ उठाएँ।

**Banff Park Church Community Lunch To Go**

यह Banff Park Church (455 Cougar Street) में हर मंगलवार दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक पाव रोटी (गुद्दा-रहित और शाकाहारी विकल्प उपलब्ध) के साथ घर की बनी मिर्च प्रदान करता है। इसे बस दुबारा गरम करें और परोसें। वेबसाइट का पता: https://banffparkchurch.com/community/

**Bow Valley Food Bank (BVFB)**

यह आपातकालीन खाद्य संसाधन टोकरियां (भोजन हैम्पर्स) प्रदान करता है। सोमवार या बुधवार को 403.678.9488 पर संपर्क करके खाद्य संसाधन टोकरियां प्राप्त करने के लिए बात करें। उसे वहाँ से प्राप्त करने के दिन मंगलवार और गुरुवार हैं जिसे आप दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक और शाम को 6 बजे से 7 बजे तक ग्रहण कर सकते हैं। यदि आप एक दोस्त या पड़ोसी के द्वारा उस हैंपर को मंगवाना चाहते हैं, तो इसके लिए **BVFB** को संपर्क करने पर उनका नाम बता दें।

**Bow Valley Good Food Box**

यह एक समुदाय-आधारित कार्यक्रम जो $ 30 में एक केंद्रीय वितरण स्थान पर मासिक रूप से वितरित किए गए 20-25 lbs ताजे फल और सब्जियों को प्रदान करता है (इसके लिए कम आय या COVID-19 से प्रभावित व्यक्ति / परिवार $ 25 का भुगतान कर सकते हैं)। यदि $ 25 का ऑर्डर करने में बाधा हो, तो विकल्पों पर चर्चा करने के लिए 403.675.3000 पर संपर्क करें। Lake Louise, Banff, Canmore, MD of Bighorn and Kananaskis में यह खाद्य पदार्थ पहुँचाने की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा के लिए निम्न वेबसाइट पर देखें:
http://bowvalleypcn.ca/Features/Pages/Good-Food-Box-Article.aspx
फेसबुक ग्रुप: https://www.facebook.com/groups/576418086522202

**Canmore Filipino Canadian Society**

**यह Bow Valley** में फिलिपिनो-कैनेडीयन परिवारों को सांस्कृतिक रूप से उचित भोजन प्रदान करता है। इसके लिए Arlene को canmorefilipinocanadiansociety@gmail.com **पर या** फेसबुक ग्रुप: https://www.facebook.com/groups/CanmoreFilipinoCanadianSociety पर संपर्क करें।

**Canmore Food Recovery Barn**
एक विशिष्ट खाद्य बैंक की तुलनात्मक रुप में पर्यावरणीय सुरक्षा हेतु विचारधारा पर केंद्रित, CFRB किराने की दुकानों और अन्य खाद्य वितरण की दुकानों से खाद्य पदार्थों को प्राप्त करता है। भोजन लेकर जाने की सुविधा हर मंगलवार और गुरुवार को शाम 5: 30 बजे से 6 बजे तक Canmore में Valley Lutheran Church (1205 1 Ave) में उपलब्ध है। वर्तमान में कार्यक्रम एक खाद्य थैला लेकर जाने का कार्यक्रम कर रहा है और उसे प्राप्त करने के लिए https://www.signupgenius.com/go/5080f44afad22a2f85-food
पर अग्रिम संपर्क करने की आवश्यकता है। सुझाई गई दान राशि $ 5.00 है। अधिक जानकारी के लिए https://canmorefoodrecoverybarn.weebly.com/our-mission.html परदेखें।

**Filipino-Canadian Community Association in the Rockies (FORM)**
यह परिवारों को सांस्कृतिक रूप से उचित निशुल्क भोजन प्रदान करता है जिसमें बड़े परिवारों, एकल माता-पिता, वह व्यक्ति तथा परिवार जो एकांतवास में रह रहे हैं और वह व्यक्ति जो सरकारी सहायता का इंतज़ार कर रहे हैं – उन सभी को इसके तहत पहल दी जाती है। कृपया खाद्य संसाधन टोकरी प्राप्त करने के लिए 403-497-4483 या Scorpion62jun@yahoo.com.ph पर संपर्क करें।

**Canmore Food and Friends Night**
St. Michael Anglican Church (709 7 Street, Canmore) में प्रत्येक सोमवार को शाम 5 बजे से 7 बजे तक दान रुप में दिया गया भोजन हफ़्तावार मिलता है। यदि संभव हो तो हम आपको भोजन लेकर जाने के लिए अपने खुद के बरतन लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। खाना पहुँचाने के विकल्पों के लिए foodandfriends@gmail.com पर संपर्क करें।

**Meals on Wheels**
Meals on Wheels गर्म, पौष्टिक और किफायती भोजन वरिष्ठ लोगों, विकलांग लोगों या चलिष्णुता में पूर्ण समर्थता में आयोग्य और जो स्वयं के लिए भोजन तैयार करने में असमर्थ हैं, उनको भोजन प्रदान करता है। दोपहर में सप्ताह के दिनों में 6 डालर प्रति भोजन की लागत पर भोजन दिया जाता है। कृपया अन्य जानकारी तथा सहायता प्राप्त करने के लिए पर 403.678.7136 संपर्क करें या lu.douce@canmore.ca पर ईमेल करें। यदि सामर्थ्य Meals on Wheels तक पहुँचने में बाध्य है, तो विकल्पों पर चर्चा करने के लिए FCSS के कार्यालय से संपर्क करें।

**Banff Food & Friends (New!)**
यह कार्यक्रम 14 दिसंबर, 2020 से शुरू हो रहा है, Banff Food and Friends हर सोमवार St. George-in-the-Pines (100 Beaver Street, Banff) में ज़रूरतमंदों के लिए दान के रुप में दिए गए साप्ताहिक भोजन की पेशकश करेंगे। इस बारे में अधिक विवरण जल्द ही आ रहा है।

**What's For Dinner** (वर्तमान में कुछ समय के लिए स्थगित किया गया कार्यक्रम)
इसके अंतर्गत स्वास्थ्यप्रद और सस्ते भोजन हैम्पर्स हर हफ़्ते वितरित किए जाते हैं। इसमें $ 30 की 4 लोगों को खिलाने के लिए 3 रात्रि भोज तैयार करने के लिए उपयोगी सामग्री और व्यंजन की मात्रा शामिल है, (कम आय या COVID-19 प्रभावित व्यक्तियों / परिवार इसके लिए $ 25 का भुगतान कर सकते हैं)

**YWCA**
YWCA Banff Bow Valley के उन निवासियों को भोजन सहायता प्रदान करता है जो घरेलू हिंसा / यौन हिंसा और बे-घरों के लिए दी जाने वाली सेवाओं का प्रयोग कर रहे हैं, इन सेवाओं में निम्न सेवाएँ शामिल हैं:

- फूड हैम्पर्स
- किराने के सामान के लिए उपहार कार्ड
- अन्य बुनियादी जरूरतें